www.ecourtsindia.com

**न्यायालय सुश्री मिनाक्षी वर्मा, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, बोकारो।**

**<u>परिवाद वाद सं0–708/2022</u>**

**रीना देवी.................................................................परिवादी**

**बनाम**

1. **मोहित कुमार,**
2. **सुबोध पाण्डेय,**
3. **अनिता देवी,**
4. **नागेश्वर मिश्रा एवं**
5. **रानी देवी..........................................................अभियुक्तगण**

24-11-2022

परिवादिनी रीना देवी की ओर से उसके विद्वान अधिवक्ता द्वारा वकालतन उपस्थिति दाखिल की गयी है। आज अभिलेख सम्मन की बिन्दु पर आदेश हेतु नियत है। तदनुसार अभिलेख आदेश हेतु प्रस्तुत किया गया।

**<u>आदेश</u>**

अभिलेख का अवलोकन किया। साथ ही परिवाद वाद, परिवादिनी का शपथ पर बयान एवं दं0प्र0सं0 की धारा–202 के तहत परिवादिनी की ओर से प्रस्तुत जॉच साक्षियों के साक्ष्य का अवलोकन किया।

परिवादिनी का संक्षेप में कहना है कि परिवादिनी की शादी सुधीर पाण्डेय के साथ हुई थी, जिससे परिवादिनी को दो बच्चे हैं, परंतु दिनांक–24.02.2017 को सुधीर पाण्डेय की मृत्यु हो गयी थी। तदुपरांत परिवादिनी की दूसरी शादी अभियुक्त सं0–01 मोहित कुमार के साथ दिनांक–24.05.2019 को हिन्दु विवाह अधिनियम के तहत विवाह निबंधक पदाधिकारी के समक्ष हुआ था तथा मोहित कुमार परिवादिनी को आश्वासन दिया था कि वह उसका एवं उसके बच्चों को ठीक–ठाक से रखेगा। परंतु विवाह के बाद से ही मोहित कुमार परिवादिनी से दहेज के रूप में तीन लाख रूपये की मांग करने लगा, उसे विभिन्न तरिकों से प्रताड़ित करने लगा, अप्राकृतिक यौनाचार करता एवं बुरी तरह से मारपीट करता था, जिसमें सभी अभियुक्तगण मोहित का साथ देते थें। मोहित कुमार परिवादिनी को दिल्ली ले जाकर बेचने का प्रयास भी किया, तो परिवादिनी किसी तरह बचकर भाग कर अपनी ससुराल नवादा आयी और वहां से मायके बोकारो आयी, एवं बोकारो में अपने घरवालों को सारी बातें बतायी। कुछ दिन बाद परिवादिनी अपने पति मोहित कुमार के घर नवादा आकर रहने लगी, तो सुबोध पाण्डेय उसे अकेला पाकर जबरन शारीरिक संबंध बनाने को विवश करता, जब परिवादिनी इसकी शिकायत मोहित से करती तो वह ऐसा नही करने पर बच्चों सहित परिवादिनी का जीना दुभर कर देने की धमकी देता। तब परिवादिनी वापस मायके बोकारो आ गयी। दिनांक–30.05.2022 को

लगातार..................

This is a True Copy of the Court Records Online. Authenticated @ districts.ecourtsindia.com/cnr/JHBK030033382022/truecopy/order-1.pdf

www.ecourtsindia.com



| | | |
|---|---|---|
| लगातार<br>24-11-2022 | संध्या 07.30 बजे अभियुक्तगण परिवादिनी के आवास में जबरन घुसकर उसे झोंटा पकड़कर पटक दिये एवं लात–घुस्से से मारपीट व गालियॉ देने लगें एवं जान से मारने की धमकी दिये, छेड़छाड़ किये। परिवादिनी के बक्सा में रखा जेवरात डेढ़ लाख रूपेय मुल्य का मोहित कुमार निकाल लिया, एवं नागेश्वर मिश्रा परिवादिनी के बिछावन के नीचे रखा चार हजार रूपये ले लिया तथा परिवादिनी के सोने के कानबाली नौ हजार रूपये मुल्य का जबरन खींच लिया एवं अभियुक्तगण धमकी देते हुए कि दहेज में तीन लाख रूपये व मोटरसाईकिल नही देने पर अंजाम भुगतने को तैयार रहे, भाग गये। परिवादिनी थाना में शिकायत करने गयी, तो उसे कोर्ट जाने की सलाह दी गयी, तब बाध्य होकर परिवादिनी यह केस न्यायालय में दाखिल की है।<br>परिवादिनी की ओर से अपने परिवाद–पत्र के समर्थन में स्वयं के सशपथ बयान सहित कुल दो जॉच साक्षियों, जॉच साक्षी सं0–01 सीमा देवी परिवादिनी की बहन एवं जॉच साक्षी सं0–02 सुषमा देवी को परीक्षित कराया गया है।<br>परिवाद–पत्र, परिवादिनी का सशपथ बयान और जॉच साक्षी के साक्ष्य के अवलोकन से स्पष्ट है कि साक्षियों ने परिवाद–पत्र में वर्णित तथ्यों तथा परिवादिनी के सशपथ बयान का समर्थन किया है।<br>उपरोक्त साक्ष्य एवं अभिलेख पर उपलब्ध समस्त सामग्री की विवेचनोपरांत मैं पाती हूॅ कि इस वाद के अभियुक्तगण **मोहित कुमार, सुबोध पाण्डेय एवं नागेश्वर मिश्रा** के विरूद्ध अन्तर्गत धारा– **498A भा0द0वि0 एवं 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम** के तहत प्रथम दृष्ट्या मामला बनता है। परंतु अनिता देवी एवं रानी देवी के विरूद्ध प्रथम दृष्टया अभिलेख पर कोई सामग्री नही पायी जाती है। अतः परिवादिनी को यह निर्देश दिया जाता कि वह अभियुक्तों को आहूत करने हेतु उनके विरूद्ध सम्मन की आवश्यक अपेक्षिताऍं इस आदेश के 07 दिनों के अन्दर दाखिल कर दे।<br>कार्यालय को निर्देश दिया जाता है कि अपेक्षिताऍं दाखिल होने के पश्चात् अभियुक्तों की उपस्थिति हेतु उनके विरूद्ध सम्मन निर्गत करें।<br>वाद दिनांक–02.12.2022 वास्ते अपेक्षिताऍं।<br>(लेखापित)<br>ह0/<br>(मिनाक्षी वर्मा)<br>न्यायिक दण्डाधिकारी । | |
| | | |

This is a True Copy of the Court Records Online. Authenticated @ districts.ecourtsindia.com/cnr/JHBK030033382022/truecopy/order-1.pdf

www.ecourtsindia.com www.ecourtsindia.com www.ecourtsindia.com www.ecourtsindia.com www.ecourtsindia.com www.ecourtsindia.com www.ecourtsindia.com

This is a True Copy of the Court Records Online. Authenticated @ districts.ecourtsindia.com/cnr/JHBK030033382022/truecopy/order-1.pdf